# साले की बारात में शामिल होने आए जीजा की सड़क हादसे में मौत

## तेज रफ्तार ट्रेलर ने रौंदा, दो की हालत गंभीर, ट्रेलर सहित मौके से भागा चालक



नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 अप्रैल, नेशनल हाईवे 39 रीवा-सीधी मार्ग पर महसांव चौड़ियार मोड़ के समीप बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.**

वही घटना से आक्रोशित परिजनो एवं स्थानीय ग्रामीणों ने बुधवार को चौड़ियार मोड़ के समीप नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया. जिससे वाहनों की लम्बी कतार लग गई. इसकी सूचना मिलते ही गुढ़ तहसीलदार सहित कई थानों की पुलिस पहुंची. मिली जानकारी के अनुसार घटना देर रात्रि लगभग 2:30 से 3:00 बजे के बीच की है. मृतक और उसके साथी सड़क किनारे अपनी बाइक पर बैठकर बातचीत कर रहे थे. इसी दौरान सीधी की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार ट्रेलर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि एक युवक के शरीर के चिथड़े उड़ गए और उसकी मौके पर ही मौत हो गई.

टक्कर मारने के बाद ट्रेलर चालक वाहन लेकर रीवा की ओर फरार हो गया. हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान मनोज कोल 35 वर्ष पिता स्वर्गीय सुदामा कोल, निवासी महसांव भैया टोला के रूप में हुई है. वही घायलों में छोटे कोल निवासी चौड़ियार मोड़ और उसका साला शामिल हैं. बताया जा रहा है कि मृतक मनोज अपने साले की शादी में शामिल होने के लिए साले के ससुराल चौड़ियार मोड़ आया हुआ था, लेकिन इस हादसे ने खुशी के माहौल को मातम में बदल दिया.

### परिजनों और ग्रामीणों ने लगाया जाम

घटना से आक्रोशित परिजनों रिश्तेदारों और स्थानीय ग्रामीणों ने चौड़ियार मोड़ के समीप नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया. लगभग 2 घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुढ़ थाना प्रभारी शैल यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. परिजनों का आक्रोश बढ़ता देख थाना गोविंदगढ़, थाना समान, सिविल लाइन थाना, थाना विश्वविद्यालय और रायपुर कर्चुलियान थाने की पुलिस मौके पर पहुंची.

### प्रशासनिक समझाइश और सहायता के बाद खुला जाम

गुढ़ तहसीलदार अरुण यादव भी मौके पर पहुंचे और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया. उन्होंने शासन की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया. महसांव सरपंच अभिजीत सिंह ने संवेदनशीलता दिखाते हुए मृतक के परिजनों को अंत्येष्टि के लिए तत्काल 5000 रुपये की नकद सहायता प्रदान की. प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की समझाइश के बाद परिजनों ने जाम खोला. जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा और आगे की जांच में जुट गई है.



# देर से कार्यालय पहुंचे अधिकारियों-कर्मचारियों की कलेक्टर ने गेट में खड़े होकर लगाई क्लास

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 अप्रैल, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कलेक्टर कार्यालय के गेट में विलंब से पहुंचने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की क्लास लगाई.**

उन्होंने स्वयं मुख्य गेट में खड़े होकर देरी से कार्यालय आने वालों को लाइन से खड़ा किया तथा सख्त लहजे में हिदायत दी कि समय पर कार्यालय आएं. कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा सुबह 10 बजे कार्यालय खुलने का समय निर्धारित किया गया है अत: सभी नियत समय पर आएं और अपनी जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें. उन्होंने विलंब से आने वालों को चेतावनी दी कि यह पहला अवसर है अत: आज उनका आधे दिन का अवकाश स्वीकृत होगा. भविष्य में देरी से आने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही होगी. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अब डिजिटली अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे. उन्होंने इस संबंध में तत्काल व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए. श्री सूर्यवंशी ने कहा कि सभी कार्यालय में अधिकारी से कर्मचारी शासन के हित में अनुशासित होकर कार्य करें व निर्धारित समय तक कार्यालय में उपस्थित रहें. इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी.

### जिला पंचायत कार्यालय का निरीक्षण

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिला पंचायत कार्यालय का सुबह 10 .05 बजे आकस्मिक निरीक्षण के दौरान मात्र चार अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित पाए गए. कलेक्टर ने अनुपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए.

# नरवाई जलाने पर किसानों को तहसीलदार ने दिया नोटिस

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 29 अप्रैल, जिले के गुढ़ तहसीलदार अरुण यादव द्वारा पर्यावरण संरक्षण और मृदा स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक बड़ी कार्रवाई की गई है.**

ग्राम गाजर एवं महूहा के कई कृषकों को सैटेलाइट इमेज के माध्यम से खेतों में नरवाई जलाते हुए पाए जाने पर बताओ नोटिस जारी किया गया है. सैटेलाइट डेटा के आधार पर नरवाई जलाने की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने संबंधित भूमि स्वामियों को चिन्हित किया है. जिन किसानो को नोटिस दी गई है उनमें ग्राम गाजर संगीता कछवाह पति संजय कछवाह, अयोध्या प्रसाद पिता चन्द्र मणि, विश्वनाथ दयाल पिता शंकरदयाल, ग्राम महूहा राजकुमार पिता सम्पति तेली आदि शामिल है. तहसील प्रशासन ने सभी संबंधित किसानों को 7 दिन के भीतर कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं. नोटिस में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब न मिलने पर भारी जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा. नियमों के उल्लंघन पर वैधानिक दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी. नोटिस के बाद से किसानों में हडकम्प मचा हुआ है. तहसीलदार अरुण यादव ने क्षेत्र के समस्त किसानों से अपील की है कि वे खेतों में फसल अवशेष न जलाएं.

# नगरीय निकायों की मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम तय

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 अप्रैल, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया है.**

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि पुनरीक्षण के लिए 30 अप्रैल को कंट्रोल टेबल चेकलिस्ट वेंडर द्वारा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दी जाएगी. रजिस्ट्रीकरण अधिकारी इसमें 2 मई तक आवश्यक संशोधन करके 5 मई तक डिजिटल हस्ताक्षर से सत्यापन करेंगे. वेंडर 15 मई तक प्रारूप मतदाता सूची का मुद्रण करके रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे. पुनरीक्षण के लिए मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 15 मई को होगा.

## संक्षिप्त



### उप मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएँ

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल से वल्लभ भवन, भोपाल में 'विंध्या विकास प्राधिकरण' के नवनियुक्त उपाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह पटेल ने सौजन्य भेंट की. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने डॉ पटेल को नवीन दायित्व के आत्मीय बधाई एवं शुभकामनाएँ दी. उन्होंने डॉ पटेल के उज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया गया कि डॉ. पटेल अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे.

### प्रभारी प्राचार्य हाई स्कूल बांस का वेतन काटा गया

**रीवा,** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने शासकीय हाई स्कूल बांस के प्राचार्य शिवबहादुर सिंह का एक दिन का वेतन काटने का आदेश जारी किया है. उल्लेखनीय है कि गत जनसुनवाई के दौरान प्राचार्य अपने स्वयं एवं अन्य की जनगणना कार्य हेतु प्रगणक की ड्यूटी निरस्त कराने उपस्थित हुए थे. श्री सिंह ने इस हेतु सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त नहीं की थी. कलेक्टर ने प्राचार्य के उक्त कृत्य को अनुशासनहीनता मानकर एक दिवस के वेतन को कार्य नहीं वेतन नहीं की अवधारणा पर कटौती करने का आदेश दिया है.

### जिला नजूल भूमि निर्वतन समिति की बैठक 8 मई को

**मऊगंज,** कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नजूल भूमि निर्वतन समिति की बैठक 8 मई को दोपहर एक बजे कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गयी है. बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित के निर्देश दिये गये हैं.

### हेल्प डेस्क स्थापित करें

**रीवा,** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने आयुक्त नगर निगम, नगर पालिका के सीएमओ तथा तहसीलदारों को निर्देश दिये हैं कि अपने चार्ज स्तर पर 30 अप्रैल तक सभी अधिकारियों, कर्मचारियों का स्वगणना शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें. साथ ही हेल्प डेस्क स्थापित कर एक मई से 30 मई तक होने वाली जनगणना कार्य को संपन्न करायें. उन्होंने कहा कि स्वगणना प्रक्रिया में काफी कम संख्या में व्यक्तियों द्वारा रूचि ली गयी है जो आपत्तिजनक है. उन्होंने नियत समय में कार्य पूर्ण न होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी है.



### मसूरी के लिए रवाना हुए प्रिया बीज भंडार संचालक

**गुढ़,** क्षेत्र के प्रतिष्ठित प्रिया बीज भंडार के संचालक राजभान उपाध्याय बुधवार को अपने परिवार के साथ 5 दिवसीय टूर के लिए मसूरी रवाना हुए. सुबह करीब 8 बजे महालक्ष्मी बस सर्विस से गुढ़ से यात्रा प्रारंभ करते हुए वे सीधी, मड़वास, ब्यौहारी होते हुए कटनी पहुंचे. जहां से ट्रेन के माध्यम से आगे की यात्रा अपने सभी व्यापारी साथियों के शुरू की. जानकारी के अनुसार यह टूर बजाज एग्री सीड्स कंपनी द्वारा आयोजित किया गया है, जिसमें गुढ़ के अलावा सीधी, सिंगरौली, सतना, कटनी एवं रीवा जिले के कई बीज भंडार संचालक भी शामिल हो रहे हैं. इस यात्रा में गुढ़ के स्थानीय पत्रकार इन्द्रभान उपाध्याय के छोटे भ्राता राजभान उपाध्याय साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शशि उपाध्याय, पुत्री कुमारी सेजल उपाध्याय, श्रेया उपाध्याय एवं सत्यम उपाध्याय भी शामिल हैं.

# जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर 24651 मी. टन हुई गेंहू की खरीद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 अप्रैल, किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है.**

अब तक 7928 किसानों से 24651 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया है. इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि गेंहू उपार्जन के लिए अब तक 19891 किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं. उपार्जित गेंहू में से 8201 मीट्रिक टन का परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण करा दिया गया है. अब तक किसानों को 72 लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है. उपार्जन के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करा दिए गए हैं. जिले में 76 खरीदी केन्द्रों में गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है. अब सभी किसान उपार्जन के लिए अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुक कर सकते हैं.

# कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर समयबद्ध क्रियान्वयन करें सुनिश्चित : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 अप्रैल, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में रीवा शहर में संचालित जल प्रदाय योजना एवं सीवरेज सिस्टम से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की.**



उन्होंने कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, समय-सीमा तथा वित्तीय प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएँ, ताकि आम नागरिकों को समय पर सुविधाओं का लाभ मिल सके. बैठक में अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे, आयुक्त संकेत भोंडवे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जल प्रदाय व्यवस्था के शेष सभी कार्य, विशेषकर ओवरहेड वाटर टैंक के निर्माण एवं जल वितरण नेटवर्क का विस्तार, आगामी वर्षा ऋतु से पहले हर स्थिति में पूर्ण करने के निर्देश दिए.

उन्होंने कहा कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये. उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों के दौरान नागरिकों की दैनिक जीवनचर्या प्रभावित न हो, इसके लिए कार्यों को सुनियोजित एवं चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जाए.

# तेज आंधी तूफान से गुढ़ में उड़े टीन-टप्पर, शादी समारोह के टेंट हुए अस्त-व्यस्त

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 29 अप्रैल, गुढ़ क्षेत्र में मंगलवार दोपहर अचानक आए तेज आंधी-तूफान ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया. कई दिनों से लगातार 42 से 43 डिग्री तक पहुंच रहे तापमान के बीच आज भी पारा 43 डिग्री के आसपास रहा.**



लेकिन दोपहर होते ही मौसम ने अचानक करवट ली और तेज चक्रवात के साथ धूल भरी हवाओं के साथ आंधी-तूफान शुरू हो गया. तेज हवाओं के कारण गुढ़ के कई इलाकों में घरों के टीन-टप्पर उड़ गए, जिससे लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा. वहीं, क्षेत्र में चल रहे शादी समारोहों में लगे टेंट भी आंधी की चपेट में आकर बेकाबू हो गए, जिससे कार्यक्रमों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. स्थानीय लोगों के मुताबिक, आंधी का रूप इतना विकराल था कि कुछ देर के लिए सड़कों पर आवाजाही भी प्रभावित हो गई. हालांकि, फिलहाल किसी बड़ी जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन नुकसान का आकलन किया जा रहा है.

# पेंशनधारियों को मार्च माह की जारी की गयी पेंशन

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 29 अप्रैल, मुख्यमंत्री द्वारा भोपाल में सिंगल क्लिक के माध्यम में प्रदेश के साथ मऊगंज जिलें के 60980 पेशन हितग्राहियों को मार्च माह की पेशन राशि 600 रूपये प्रति व्यक्ति के मान सें कुल 3.66 करोड़ खातें मे स्थानान्तरित की.**

कार्यक्रम का प्रसारण मऊगंज कलेक्ट्रेट मे एनआईसी के माध्यम सें पेशनधारियों एवं जिले व ब्लाक के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ. इस अवसर पर कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद मऊगंज परमानंद तिवारी एवं सामाजिक न्याय विभाग के अजय पटेल उपस्थित रहें.

# कार्यपालन यंत्री संजय पाण्डेय को कारण बताओ नोटिस

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 29 अप्रैल, रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संजय पाण्डेय को विकासखण्ड नईगढ़ी अन्तर्गत ग्राम खटखरी में गतदिनों टंकी ध्वस्त होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है.**

कमिश्नर ने अपने नोटिस में कहा है कि पुनरीक्षित लागत 121.42 लाख रूपये से बनाई गयी टंकी की गुणवत्ता ठीक न होने पर मौके की जांच कराई गयी. टंकी का निर्माण वर्ष 2021-22 से प्रारंभ होकर वर्ष 2024 में पूर्ण हुआ. गत 27 मार्च को यह टंकी पूर्णत: ध्वस्त हो गई.

कार्यपालन यंत्री द्वारा टंकी के निर्माण कार्य के दौरान अपेक्षित निगरानी एवं कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं की गयी जिससे टंकी परीक्षण के दौरान ध्वस्त हो गई और शासन को आर्थिक क्षति के साथ जल जीवन मिशन की महत्वाकांक्षी योजना प्रभावित हुई. कार्यपालन यंत्री से सात दिवस में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं.

# वर्तमान समय में शिक्षा में मूल्यों की स्थापना अत्यंत आवश्यक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 अप्रैल, शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, रीवा में भारतीय शिक्षण मंडल के 57वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ.**



कार्यक्रम का विषय 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति और 'स्व' का बोध' रहा, जिसमें शिक्षा के भारतीयकरण, मूल्य आधारित शिक्षा और राष्ट्र निर्माण पर विस्तृत चर्चा की गई. कार्यक्रम में डॉ. सतीश मिश्रा ने भारतीय शिक्षण मंडल का परिचय एवं विषय प्रवेश प्रस्तुत किया. इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवीन्द्र नाथ तिवारी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा में मूल्यों की स्थापना अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा केवल ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसमें संस्कार, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का समावेश भी अनिवार्य है. डॉ. कमलेश मिश्रा ने भारतीय शिक्षण मंडल को एक वैचारिक संगठन बताते हुए कहा कि शिक्षा में भारतीयता का समावेश ही इसका प्रमुख उद्देश्य है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. श्रीनारायण तिवारी जिला संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि भारत की आर्थिक मजबूती का प्रमुख आधार कृषि रहा है, लेकिन मैकाले की शिक्षा प्रणाली ने भारत को भीतर से कमजोर करने का प्रयास किया. मुख्य वक्ता डॉ. हरिश्चंद्र द्विवेदी, प्रांत संपर्क प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारतीय इतिहास और संस्कृति की प्राचीनता पर प्रकाश डाला.

### डाक विभाग की योजनाओं का लाभ उठाएं

**रीवा, 29 अप्रैल,** भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा डाक जीवन बीमा तथा अन्य आकर्षक योजनाएं संचालित की जा रही हैं. सभी अधिकारी और कर्मचारी इन योजनाओं से लाभ उठाएं. डाक बीमा योजना में बीमा की सीमा न्यूनतम 20 हजार रुपए तथा अधिकतम 50 हजार रुपए निर्धारित है. सभी 19 से 55 आयु वर्ग के कर्मचारी इसका लाभ उठा सकते हैं.

# आग लगने से घर सहित सामान जलकर रख, सेमरिया थाना क्षेत्र की घटना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 अप्रैल, जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बवैया में खेत में नरवाई जलाने के लिए अज्ञात लोगो द्वारा लगाई गई आग एक परिवार के लिए जानलेवा साबित हुई है.**

खेत से आग की लपटे घर तक पहुंची और इसके बाद घर सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया और एक परिवार सड़कों पर आ गया. घटना के संबंध में पीड़ित अशोक तिवारी निवासी ग्राम बवैया थाना सेमरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 दिन पूर्व उनके घर से तकरीबन 2 किलोमीटर दूर किसी ने खेत में नरवाई जलाने के लिए आग लगाई थी. लेकिन भीषण गर्मी और तेज हवाओं के चलते आग की लपटे धीरे-धीरे उनके घर के पीछे तक पहुंच गई. जब तक वह आग पर काबू पाते तब तक आग की लपटे ने उनके घर को चपेट में ले ली और देखते ही देखते उनका घर सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया.

पीड़ित ने बताया कि दोपहर 12 लगी आग की सूचना पुलिस सहित प्रशासनिक अमले और दमकल की टीम को दी गई लेकिन कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा. जिसके बाद स्थानिक ग्रामीणों ने अपनी ही व्यवस्थाओं से शाम तकरीबन 5 बजे आग पर काबू पाया लेकिन उससे पहले गृहस्थी का सारा सामान सहित मकान जलकर पूरी तरह से खाक हो गया था. पीड़ित परिवार द्वारा शासन से मुआवजे की मांग की गई है.

बताया गया है कि अशोक तिवारी की तीन बेटियां हैं और एक बेटा है जिनकी शादी उन्हें करनी थी और इन्हीं बच्चियों की शादी के लिए वह गृहस्थी का सामान जोड़ रहे थे लेकिन सब कुछ आग में जलकर राख हो गया है. गौरतलब है कि इस समय पड़ रही तेज गर्मी के साथ फसलों आगजनी की घटनाएं लगातार सामने आ रही है. जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है.